# अरावली संस्कृति व शौर्यपूर्ण इतिहास का प्रतीक : यादव

उदयपुर, (कासं)। अरावली एक पर्वत श्रृंखला ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति एवं शौर्य पूर्ण इतिहास का प्रवाह है जो हमारे लिए सदियों से प्रेरणा का स्रोत रही है। आगामी पीडिया के लिए इसके भू दृश्य के पुनरुद्धार एवं जैव विविधता को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। कार्यशाला के माध्यम से केंद्र सरकार एवं अरावली से जुड़ी चारों राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया गया है जिससे इसके संरक्षण को लेकर एक सामूहिक विचार सामने आ सके।

यह बात केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को होटल रेडिसन ब्लू में

- **अरावली पुनरुद्धार एवं जैव विविधता कार्यशाला, अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का हुआ शुभारंभ**



उदयपुर में अरावली भू दृश्य पुनरुद्धार एवं जैव विविधता कार्यशालाका उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित अन्य।

अरावली भू दृश्य पुनरुद्धार एवं जैव विविधता कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि गुजरात, राजस्थान, हरियाणा एवं दिल्ली के कुल 29 जिलों में अरावली पर्वतमाला फैली हुई है। इसकी गोद में हल्दीघाटी जैसी विश्व प्रसिद्ध युद्ध स्थली एवं कई ऐतिहासिक किले अवस्थित है। वहीं अंबाजी से भर्तृहरि तक कई आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र फैले हुए हैं। शुष्क जलवायु के बावजूद यहां सुरक्षित क्षेत्र अभयारण्य एवं नेशनल पार्क भी हैं। यहां तक की भारत की संसद एवं राष्ट्रपति भवन जी रायसीना हिल्स पर बने हैं वह भी अरावली का ही भाग है। उन्होंने कहा कि आबादी की विस्तार, अवैध खनन और अतिक्रमण के चलते अरावली को बहुत नुकसान पहुंचा है। सामुदायिक सहभागिता के साथ इसके पुनरुद्धार की आवश्यकता है। विभिन्न राजकीय विभागों में आपसी समन्वय से अरावली के सभी गांव में वन विभाग की नर्सरी स्थापित करने की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान भी अरावली की श्रृंखला से ही प्रारंभ हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन सत्र से पहले पौधारोपण भी किया। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 7 करोड़ पौधे रोकने का लक्ष्य रखा था जिसे हासिल करते हुए लक्ष्य से अधिक पौधे रोपे गए। इस वर्ष 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है जिसे भी हासिल कर लिया जाएगा। पौधारोपण के बाद देखभाल के अभाव में पौधों के नष्ट हो जाने की शिकायतों को देखते हुए अब प्रदेश में त्रिस्तरीय ऑडिट करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत प्रदेश में रोपे गए पौधों की दो सरकारी एवं एक निजी एजेंसी के माध्यम से ऑडिट करवाई जाएगी। इससे यह पता चल पाएगा कि कितने प्रतिशत पौधे जीवित रह पाए। आगे की कार्य योजना उसी के अनुरूप बनाई जाएगी। अतिथियों ने इस अवसर पर अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का शुभारंभ किया। इसके तहत अरावली पर्वतमाला के दोनों तरफ पांच-पांच किलोमीटर का बफर जोन बनाया जाएगा जिसे ग्रीन प्रोजेक्ट एरिया नाम दिया गया है। इसके तहत मृदा नमी संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरण परिवर्तन, वेटलैंड संरक्षण, प्रोटेक्टेड एरिया आदि पर कार्य किया जाएगा।

## दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी देने वाले तीन गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। महिला के साथ मिल कर हनी ट्रेप में फंसाकर दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर फिरौती मांगने वाली गैंग का पुलिस प खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 18 मई को पीडित गोपीलाल निवासी करणपुर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि मरे पास तीन चार दिन से एक महिला का फोन आ रहा हैं जिसमें 15 मई को वल्लभनगर में मिलने बुलाया। इस पर बाइक से बरकटों की मरगी करण्पुर जाते समय दो बाइक पर उसकी गैंग के सदस्य मिले। जिन्होंने मारपीट कर छिना झपटी कर मोबाईल व बाइक ले ली तथा जान से मारने व बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस दौरान मुझे बाइक पर बिठा कर नवानिया होते हुए आवरीमाता मंदिर के पास धर्मशाला में कमरें में ले गए तथा मारपीट की रात में बंधक बनाए रखा। इस दौरान गले से रामनामी सोने की, दो मादलियो, कान की बालिया, 11 हजार 500 रूपये नकदी ले लिए तथा 5 लाख रूपये की मांग की नहीं देने पर बलात्कार के प्रकरण में फंसाने व जान से मारने की धमकी देकर मां सेरूपये मांगे। इस मामले में जिला पुलस अधीखे योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल,पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह के सुपरजिवन में गैंग के मुख्य सरगना दशरथसिंह उर्फ शैतानसिंह निवासी अगोरिया भदेसर हॉल लसडाण को एवं साथी मोतीलाल निवासी काट का कुआ महाराज की खेड़ी डबोक , दीपक भाट केवलपुरा बडी सादड़ी चित्तोडगढ़ को गिरफ्तार किया।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मिशन लेवल पर काम करें : कलक्टर

उदयपुर,(कासं)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को जिलापरिषद सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में हुई। इसमें चिकित्सा विभाग कीविभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना में शामिल मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना-मां योजना के तहत राजकीय अस्पतालों में भर्ती मरीजों की तुलना में लगभग 57 प्रतिशत में ही पैकेज बुक करने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मरीजों को भर्ती करके निःशुल्क उपचार उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन पैकेज बुक करके बीमा क्लेम करने में सुस्ती बरती जा रही है, यह सरकार को वित्तीय हानि पहुंचाने जैसा है। उन्होंने योजना की ब्लॉक वार जानकारी लेते हुए न्यून प्रगति वाले अस्पतालों के प्रभारियों से जवाब-तलब किया। अच्छी प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों से फीडबैक लेकर उनकी सराहना की। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ डॉ आदित्य को मां योजना में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने तथा पैकेज बुक करने के लिए पाबंद किया।

जिला कलक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन,सुरक्षित और संस्थागत प्रसव, टीकाकरण आदि की ब्लॉक वार जानकारी ली। गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन नहीं होना पाकर कलक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पंजीयन के अभाव में



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

टीकाकरण, प्रसव, पोषण सहित अन्य सभी गतिविधियां प्रभावित होती हैं। उन्होंने पूरे जिले में एएनएम व आशा सहयोगिनी के माध्यम से सर्वे कराकर शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा संबंधित एएनएम व आशा से 100 प्रतिशत पंजीयन का सर्टिफिकेट लेने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में हाल ही नियुक्त किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ की सभी विभागीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गांवों में लोगों को सीएचओ के बारे में पता ही नहीं हैं, जबकि गांव स्तर परस्वास्थ्य सेवाओं के लिए सीएचओ मुख्य घटक बन सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित मोनिटरिंग करते हुए सीएचओ की कार्यस्थल पर उपस्थिति और विभाग की गतिविधियों में भागीदारीसुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। जिला कलक्टर ने आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनजर मौसमी बीमारियों की रोकथामके इंतजामों पर भी चर्चा की। साथ ही अवगत कराया कि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जिसका दूरभाष नंबर 6367304312 है। 1 अप्रेल से 14 मई तक मलेरिया क्रश कार्यक्रम चलाया गया। इसमें एंटी लार्वा गतिविधियां की गई हैं। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर तरीकाजागरूकता है। पूरे जिले के लिए विस्तृत आईईसी प्लान तैयार किया जाए। लोगों को विभिन्न माध्यमों से मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके समझाएं जाएं। बैठक में जिला कलक्टर ने केंद्र व राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल टीबी मुक्त अभियान की भी समीक्षा की। इसमें कई ब्लॉक में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिला टीबीअधिकारी को सघन मोनिटरिंग करते हुए हर सप्ताह रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने विभाग की अन्य योजनाओं सहित परिवार कल्याण कार्यक्रम, असंक्रामक रोग कार्यक्रम आदि सभी विषयों पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कमेटियों का गठन कर तैयारियों को दिया अंतिम रूप



पं.दीनदयाल उपाध्याय : एकात्ममानव दर्शन हीरक जयंति समारोह की तैयारी बैठक प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में हुई।

उदयपुर, (कासं)। चिंतक व विचारक, भारतीय जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त एकात्म मानवदर्शन के साठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, भूपाल नोबल्स संस्थान व राज.विद्यापीठ विवि के संयुक्त तत्वावधान में 4-5 जून को दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन - हीरक जयंती समारोह को लेकर बुधवार को भूपाल नोबल्स संस्थान के सभागार में कुलपति एवं चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में ऑनलाईन व ऑफ लाईन तैयारी बैठक में समारोह को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन कर अंतिम रूप दिया गया।

समिति के अध्यक्ष , पूर्व कुलपति प्रो. मोहनलाल छीपा ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ने 4-5 जून 1964 में सर्वप्रथम उदयपुर के भूपाल नोबल्स स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग में ही पहली बार एकात्म मानवदर्शन विषयक दो बौद्धिक दिये थे।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

कपासन, (निसं)। कपासन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कार्यालय में आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष शंकरलाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित की।कार्यक्रम में वक्ताओं ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया। उपस्थित लोगों ने उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। साथ ही संविधान की रक्षा और कांग्रेस को मजबूत करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी अमर रहें और जब तक सूरज चांद रहेगा, राजीव तेरा नाम रहेगा के नारे लगाए गए। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा,अब्दुल रहमान मंसूरी, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष दीनबंधु सोमानी, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष सैयद अख्तर बुखारी, , वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण व्यास, सेन, पार्षद रोशन सोनी पार्षद प्रतिनिधि रफीक अंसारी आदि मौजूद रहे।

# शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। श्री अग्रवाल दिगंबर जैन समाज की पुरुष एवं महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कुंथु कुमार गणपतोत धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष, के के गुप्ता जी पूर्व सभापति डूंगरपुर एवं पारस सिंघवी पूर्व उपमहापौर निगम उदयपुर के सानिध्य में संपन्न हुआ

अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात कुंथु कुमार ने कहा कि व्यक्ति को पांच चीजों का त्याग करना चाहिए पद ,मद, परनिंदा ,कषाय एवं परिग्रह। के के गुप्ता ने कहा कि सभी पदाधिकारी पुरुष एवं महिलाएं समाज के काम को ईमानदारी से तथा समर्पण भाव से दायित्वों का निर्माण करेंगे समाज के पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि समाज को संगठित करें समाज में सहयोग करने की आदत डालें समाज को एक परिवार के रूप में समझे हमारा समाज देश और दुनिया में अपना अलग महत्व रखता है हमारे समाज के लोग ज्यादातर व्यापार से जुडे जो रात दिन मेहनत करते हैं पैसा कमाना हमारी आवश्यकता जरूर है परंतु इन सब के पीछे हमारा सेवा का



श्री अग्रवाल दिगंबर जैन पंचायत की पुरुष एवं महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ।

उद्देश्य भी रहता है हर सामाजिक धार्मिक कार्यों में हमारी सहभागिता रहती है जब भी किसी भी प्रकार की आपत्ती या विद्या विपदा आती है हमारा समाज सबसे अग्रिम पंक्ति में आकर खडा होता है।

पारस सिंघवी पूर्व उपमहापौर ने कहा कि राजनीति एवं संगठन में यातो पद मिलता नहीं, मिलता है तो कोई छोडता नहीं। परंतु त्याग मूर्ति ब्रजमोहन अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष ने समाज की 25 वर्षो तक समाज में विभिन्न पदों पर रहते हुए समाज की सेवा की जो वंदनीय एवं प्रशसनिय है। संचालन प्रधानाचार्य धर्म नारायण श्रीमाली एवं तरुण अग्रवाल उप मंत्री ने किया। पारस सिंघवी ने अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ,उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल एवं कुंथु कुमार ने मंत्री सतीश अग्रवाल, उप मंत्री तरुण अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्यों विवेक अग्रवाल , सुरेश अग्रवाल , अशोक सिंघल , सचिन अग्रवाल ,ललित अग्रवाल नरेंद्र अग्रवाल एवं कमलेश अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# ट्रॉफी का अनावरण

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर चैंबर क्रिकेट लीग 2025 की ट्रॉफी का अनावरण प्रतियोगिता के उद्घाटनकर्ता डॉ.लक्ष्यराज सिंह मेवाड द्वारा सिटी पैलेस में किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक संजय भंडारी ने बताया कि कि गुरुवार को फील्ड क्लब मैदान पर लगने वाले शामियाने का भूमि पूजन प्रातः 8 बजे किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने प्रतियोगिता के मैच के शेड्यूल को लेकर बताया कि 24 जून को पहला मैच टिंबर एंड प्लाईवुड मर्चेंट वेलफेयर सोसाइटी बनाम सिंधी बाजार व्यापार मंडल होगा।

## मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशिटर के पुत्र के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का प्रकरण दर्ज किया।

प्रकरण के अनुसार सूरजपोल थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में अनकितसिंह निवासी हरिजन बस्ती अम्बामाता हॉल नाड़ा खाड़ा सूरजपोल के खिलाफ प्रकरण दर्ज होकर गिरफ्तार किया था। जांच सविना थाना अधिकारी अजयराजसिंह राव कर रहे थे। जांच में आरोपी अनिकेतसिंह ने स्वयं को नाबालिग बताते हुए आधार कार्ड एवं निजी वद्यालय की अंकतालिका प्रस्तुत की।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA)] जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/ R.EC/0208 दि. 01.02.2025 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5500048N के द्वारा श्री वीरेन्द्र कुमार श्रीमाली को नि. ग्रा. बाबरमल, तहसील-सराड़ा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा M L No. 10/1997 क्षेत्र 0.9847 हेक्टेयर वास्ते खनिज मार्बल के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की व`बसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1085 दि. 23.02.2025 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5344193N के द्वारा मेसर्स उदयपुर ग्रेनाइट एंड मार्बल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को नि. ग्रा. बाबरमल, तहसील-सराड़ा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा ML No. 24/1997 क्षेत्र 1.55295 हेक्टेयर वास्ते खनिज मार्बल के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की व`बसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

# सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर में बुधवार सुबह से आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। पिछले दो दिनों से यहां दोपहर 3 बजे बाद मौसम बदल जाता है और बादलों के डेरा डालने के साथ ही बारिश शुरू हो जाती है लेकिन बुधवार शाम तक तेज धूप रही।

भीषण गर्मी और लू के चलते उदयपुर में दोपहर के समय लोग घरों के अंदर ही रहे और सड़कों पर भी आवाजाही कम रही। उदयपुर में दोपहर के समय तापमान 39 डिग्री के करीब रहा लेकिन उमस और चिलचिलाती धूप से लोग परेशान है।मौसम विभाग की और से आज उदयपुर जिले में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया था लेकिन मौसम साफ रहा।उदयपुर शहर में दोपहर के समय में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। शहर के पर्यटन स्थल पर सन्नाटा पसरा रहा। सड़को पर इक्का दुक्का वाहन गुजरते दिखे। फतहसागर झील किनारे मुंबइ्यां बाजार पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही रहती है लेकिन भीषण गर्मी में बाजार सूना दिखाई दिया। मुंबईयां बाजार के बाहर दुकानदारों ने गर्मी से बचने के लिए परदे लगा रखे है ताकि अंदर बैंच पर बैठने वाले को छाया मिल सके। शहर की मुख्य सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही कम है। डबोक स्थित मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 39.8 तथा न्यूतम तापमान 25.4डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार करने वाली तीन महिलाएं डिटेन

उदयपुर,(कासं)। पंचवटी क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटर पर दबीश देकर पुलिस ने तीन विदेशी महिलाओं को डिटेन कर संचालक सहित तीन महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र को सूचना मिली कि फरिटेल वेलनेस स्पा मधुवन रोड़ चेटक सर्कल पर स्पा की आड में एक महिला बाहर से लडकियां बुलवाकर स्पा की आड में वैश्यावृति करा रही है जो एक हजार रूपये लडकी को व एक हजार रूपये दलाल के लेकर दो तीन लडकियों से वैश्यावृति करवा रही है। उक्त सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के मार्गदर्शन में हाथीपोल थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास के नेतृत्व में गठित दल ने मौके पर पहुंच कर एक संचालक महिला व तीन लडकिया और सदिग्ध वस्तु बरामद की। एक महिला कैन्या की निवासीहोकर देह व्यापार के लिये दिल्ली से उदयपुर बुलाना पाया गया। सभी चारो महिलाओं को डिटेन कर पूछताछ की तो स्पा की आड में देह व्यापार करना बताया। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस विदेशी लडकियों के वीजा एवं पासपोर्ट जब्त कर जांच कर रही है। सभी लडकिया समय सीमा समाप्त होने के बावजूद भारत में रह रही है।

# 'अवैध खनन की शिकायत हल्के में न लें, प्रभावी कार्रवाई करें, नहीं तो तय होगी जवाबदेही'

राजसमंद, (कासं)। अवैध खनन के विरुद्ध किसी भी शिकायत को अधिकारी हल्के में न लें, जिले का कोई भी कोना हो, अवैध खनन पर प्रभावी रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाए, अगर कोताही बरती जो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। बुधवार को जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सख्त लहजे में अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध

- **कलक्टर ने टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वे जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति (टास्क फोर्स) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर, एसीएफ किशन, एसएमई अनिल खमेसरा, एमई प्रथम जिनेश हुमड, एमई द्वितीय ललित बाछरा, एएमईए जिला परिवहन अधिकारी अभिजीतसिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में खनिज बजरी सहित अन्य खनिजों की अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण की रोकथाम, वृक्षारोपण एवं



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।

पर्यावरण संरक्षण के संबंध में चर्चा, पट्टाधारियों तथा क्वारी लाइसेंस धारकों की समस्याओं, वन संरक्षण अधिनियमों, पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों एवं अन्य संबंधित नियमों को खनन गतिविधियों में प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर चर्चा हुई।

जिला कलक्टर ने चंद्रभागा नदी में हाल ही में अवैध खनन की समीक्षा के दौरान संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने पर कलक्टर ने गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मौके पर दबिश देकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि शिकायतें प्राप्त होने पर अधिकारी नजर अंदाज नहीं करें, उसकी तह तक जाएं और कार्रवाई करें। कलक्टर ने कहा कि वाहनों की आकस्मिक चेकिंग करें, सूचना तंत्र मजबूत रखें और औचक दबिश देकर कार्रवाई अमल में लाई जाए। खान विभाग से कहा कि सिर्फ जुर्माना लगाना पर्याप्त नहीं हैं, एफआईआर अवश्य दर्ज करवाएं और परिवहन विभाग को लाइसेंस और आरसी निरस्तीकरण के लिए लिखें। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि खान विभाग, पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें बनाई जाए और हर सप्ताह कम से कम दो बार अलग-अलग जगहों पर औचक निरीक्षण करें। इसी तरह सभी एमई कम से कम 2० लीज का निरीक्षण कर अवैध खनन संबंधी गतिविधियों पर कार्रवाई करें।जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर लाइसेंस और आर सी निरस्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जाए। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पहाडों की कटाई की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जिले में कोई भी पहाड पर अवैध खनन की सूचना पर त्वरित प्रभाव से कार्रवाई की जाए। खान विभाग में एमई से लेकर फॉरमेन तक सभी पर्याप्त रूप से निगरानी रखते हुए पहाडियों का संरक्षण सुनिश्चित करें।

एसपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई में पुलिस द्वारा पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई की जाएगी। खान विभाग कार्रवाई से पूर्व समय पर सूचना दें ताकि जरूरत के मुताबिक जाप्ता सुनिश्चित किया जा सकें। पुलिस द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके बाद जिला कलक्टर ने वन विभाग से वन क्षेत्र एवं गैर वन क्षेत्र में लकडियों की अवैध कटाई को लेकर समीक्षा की। कलक्टर ने कहा कि वन विभाग भी औचक निरीक्षण करें और गाडियों की चेकिंग करें। लकडियां पाई जाने पर वैध दस्तावेज एवं स्त्रोत की जानकारी लें।

# जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक सम्पन्न



बांसवाड़ा में जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक लेते अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिशेक गोयल।

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर के निर्देषन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिशेक गोयल की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में हुई। एडीएम गोयल ने बाल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे विभाग एवं संस्थाओं से कहा कि बालकों से जुडे मामलों में संवेदनशीलता रखते हुए पीडित एवं जरूरतमंद बालक को समय पर न्याय एवं हरसंभव सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि जिले को बाल विवाह एवं बाल श्रम से मुक्त जिला घोषित करवाने के लिए हम सतत प्रतिबद्ध हैं और हाल ही में बाल विवाह रोकथाम के लेकर स्थानीय प्रशासन और संबंधित संस्थाओं द्वारा जो प्रयास किए गए हैं वे सराहनीय और अनुकरणीय हैं। आगे भी इन प्रयासों को जारी रखना होगा जिससे हम यहां के बालक बालिकाओं को संरक्षित वातावरण उपलब्ध करा सके। इस अवसर पर उदयपुर संभाग की बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने संभाग स्तर पर संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम एवं बाल संरक्षण से जुड़ी विविध गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और बाल संरक्षण के लिए सभी को समन्वित प्रयास करते हुए बाल हितेषी वातावरण तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सभी बच्चों के लिए कार्य कर रहे है तो हमारा दायित्व बनता है कि उन्हें सुरक्षित एवं षिक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करें। बिनुजीत ने कहा कि प्रषासन की टीम के समन्वित प्रयासों से जिले में डेढ माह में 33 से अधिक बाल विवाह रोकना सराहनीय कदम है।

## तिरंगा यात्रा निकाली

उदयपुर, (कासं)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गोगुंदा ब्लॉक के सायरा कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा के सायरा मंडल की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में सायरा और आसपास के ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुएतिरंगा यात्रा सायरा कस्बे के अलग-अलग मार्गों से होते हुए आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। इसमें शामिल लोग भारत माता की जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। तिरंगा यात्रा में गोगुंदा के विधायक प्रताप लाल गमेती भी बाइक पर सवार थे।सायरा के खेल मैदान से रवाना हुई तिरंगा यात्रा सायरा गांव, ब्राह्मणों कलवाना, बटेरी होकर जागेश्वर महादेव पहुंची।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/1415 दि. 28.02.2025 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5568219N के द्वारा मेसर्स उदयपुर स्टोन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को नि.ग्रा. बाबरमल, तहसील- सराड़ा, उदयपुर में स्थित खनन पट्टा ML No. 18/2011 क्षेत्र 1.486814 हेक्टेयर वास्ते खनिज मार्बल के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance. nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक: उविप्र/नियमन रिकार्ड/2025/2439 **आम-सूचना** दिनांक : 30/04/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलॉइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल ( वर्गफीट ) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम/ पिता का नाम | मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 653 (MUT No.10513) | 1023. 62 | मादडी पानेरियान खसरा नं. 553 to 617, 621 to 649, 659 to 667, 674 to 752, 754 to 787, 791, 793 794 etc. | श्रीमती मंजु देवी पत्नी स्व.श्री तेज सिंह देवड़ा एवं श्री राकेश, जितेन्द्र, प्रताप सिंह पिता स्व.श्री तेज सिंह देवडा निवासी 160 जनकपुरी, पानेरियों की मादडी, उदयपुर | श्री तेज सिंह देवडा पिता श्री उदयसिंह देवड़ा का स्वर्गवास दिनांक 18.05.2021 को होने पर उनके वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। |

अत:निम्न उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारो सहित इस इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बन्धित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदको के नाम पर जारी कर दिया जावेगा।

डॉ.अभिनव शर्मा, तहसीलदार
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर